शैक्षणिक क्रियाकलाप
Academic Activities

सीसीई पर क्षमता संवर्धन कार्यक्रम

कक्षाओं में शिक्षण–अधिगम प्रक्रिया की प्रभावकारिता और उसकी गुणवत्ता में वृद्धि करने तथा सीसीई स्कीम को और अधिक मजबूत बनाने के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम, प्रशिक्षण और परामर्श महत्वपूर्ण है।

रचनात्मक मूल्यांकन

रचनात्मक मूल्यों के प्रति शिक्षकों को प्रभावशाली रूप से उन्मुख करने के लिए सीबीएसई ने विभिन्न विषयों में 16 रचनात्मक मूल्यांकन संदर्शिकाएं तैयार की जो संदर्शिकाएं पाठ्यचर्या–विशिश्ट हैं तथा कक्षा IX और X के विभिन्न विषयों में शिक्षकों और परीक्षार्थियों की आवश्यकता की पूर्ति करती हैं।

समूचे भारत में संचालित किए गए 117 कार्यक्रमों के अंतर्गत लगभग 22197 प्रधानाचार्यों और शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया (विवरण परिशिष्ट XI पर)।

Capacity Building Programmes on CCE

The Capacity Building Programmes, training and advocacy are crucial in enhancing the effectiveness and quality of the teaching-learning process in the classrooms and further strengthening the CCE Scheme.

Formative Assessment

To effectively orient teachers in Formative Assessment the Board prepared 16 Formative Assessment Manuals in different subjects. These Manuals are curriculum-specific, addressing the needs of teachers and learners in different subjects of classes IX and X.

Approximately 22197 Principals and teachers were trained under 117 programmes conducted country wide (details at Annexure XI).

प्रधान प्रशिक्षकों की कार्यशाला

76 प्रधान प्रशिक्षकों ने सीबीएसई की शैक्षणिक इकाई में आयोजित दो–दिवसीय कार्यशाला के दौरान सीसीई की गत्यामकता के संबंध में प्रशिक्षण प्राप्त किया।

सीबीएसई द्वारा अनुमोदित एजेंसियों द्वारा सीसीई का क्रियान्वयन

सीबीएसई ने सीसीई के विविध पहलुओं, प्रभावशाली विद्यालयी प्रबंधन और नेतृत्व पर संबद्ध विद्यालयों के शिक्षकों हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के लिए एजेंसियों का चयन किया है।

पूर्ण विवरण के साथ इन एजेंसियों की सूची सीबीएसई की वेबसाइट पर रखी गई है ताकि विद्यालय अपनी आवश्यकता के अनुसार प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए इन एजेंसियों के साथ संपर्क कर सकें।

Master Trainers Workshop

76 Master Trainers received training in the dynamics of CCE during a two days workshop held at the academic unit at CBSE.

Implementation of CCE by agencies approved by CBSE

CBSE has selected agencies to conduct the Training Programmes for the teachers of affiliated schools on the various aspects of CCE,effective school management and leadership.

A list of these agencies with details has been put up on the CBSE website so that schools can approach the agencies for participating in the training programmes as per requirement.

क्रमांक S. No.	कार्यक्रम का नाम Name of the Programme	एजेंसियों की संख्या No. of Agencies
1.	सीसीई पर एक–दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम One day capacity building programme on CCE	10
2.	सीसीई पर दो–दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम Two day capacity building programme on CCE	07
3.	जीवन कौशलों, अभिवृत्ति मूल्यों, स्वास्थ्य कुशलता शिक्षा पर एक–दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम One day capacity building programme on life skills, attitude values, health well being education	07
4.	कथन और श्रवण कौशलों के संवर्धन पर एक–दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम One day capacity building programme on enhancing, speaking & listening skills	01
5.	नेतृत्व कौशल शिक्षा पर एक–दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम One day capacity building programme on leadership skills education	02
6.	एक–दिवसीय पठन कार्यशाला One day reading workshop	01

7.	शारीरिक शिक्षा पर एक–दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम One day capacity building programme on physical education	01
8.	गणित पर एक–दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम One day capacity building programme on Maths	01
9.	पर्यावरण संबंधी मुद्दों पर एक–दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम One day capacity building training programme on environmental related issues ,	01
10.	प्रभावी विद्यालय प्रबंधन और नेतृत्व पर पांच–दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम Five day residential training programme on effective school management and leadership	22
11.	प्रभावी विद्यालय प्रबंधन और नेतृत्व पर पांच–दिवसीय गैर–आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम Five day non-residential training on effective school management and leadership	05

सीबीएसई विद्यालयों के प्रधानाचार्यों के लिए परामर्श कार्यशालाएं

सीसीई योजना का समुचित क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए बोर्ड समूचे देश और विदेशों में स्वैच्छिक प्रधानाचार्यों को परामर्शकों के रूप में प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए विभिन्न अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित कर रहा है।

परामर्श और निगरानी से संबंधित कार्य को सुप्रवाही बनाने तथा परामर्श प्रक्रिया को पारदर्शी, प्रयोक्ता–हितैशी तथा अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए बोर्ड ने बोर्ड की शैक्षणिक बेबसाइट (www.cbseacademic.in) के अंतर्गत एक लघु–साइट तैयार की गई।

Mentoring Workshops for Principals of CBSE Schools

To ensure proper implementation of CCE scheme, the Board has been conducting various orientation programmes for training the volunteer Principals as Mentors throughout the country and overseas.

To streamline the work related to Mentoring and Monitoring and to make the Mentoring process transparent, user friendly and more effective, the Board has developed a microsite within the academic website (www.cbseacademic.in) of the Board.

शैक्षणिक सत्र 2012–13 के दौरान संचालित किए गए परामर्श कार्यक्रमः
Mentoring Programme conducted during academic session 2012-13

क्रमांक S. No.	स्थान Venue	माह / तारीख / वर्ष mm/dd/yy.	क्षेत्र Region	प्रशिक्षित / पुनः प्रशिक्षित परामर्शक Mentors trained/ retrained
1.	दि टाइटन स्कूल, होसूर, तमिलनाडु The Titan School Hosur,Tamilnadu	4 / 17 / 2012	चेन्नई Chennai	47
2.	मॉडर्न स्कूल, कोराडी रोड, नागपुर Modern School Koradi Road,	4 / 30 / 2012	चेन्नई Chennai	41
3.	अल–अमीन पब्लिक स्कूल एडापल्ली, कोच्चि, केरल Al-Ameen Public School Edappally, Kochi, Kerala	6 / 22 / 2012	चेन्नई Chennai	106
4.	दिल्ली पब्लिक स्कूल, बडगाम, जम्मू–कष्मीर Delhi Public School, Budgam, J&K	7 / 24 / 2012	पंचकुला Panchkula	6
5.	नवदीप पब्लिक स्कूल, कोल्लम Navdeep Public School, Kollam	8 / 3 / 2012	चेन्नई Chennai	37
6.	बी.बी.यू.एल. जैन विद्यालय, बेंगलुरू,कर्नाटक B.B.U.L. Jain Vidyalaya, Bengaluru, Karnataka	9 / 2 / 2012	चेन्नई Chennai	39
7.	दिल्ली पब्लिक स्कूल, वाराणसी, उत्तर प्रदेश Delhi Public School, Varanasi-U.P.	9 / 8 / 2012	इलाहाबाद Allahabad	49
8.	क्षेत्रीय कार्यालय, गुवाहाटी Regional Office, Guwahati	10 / 11 / 2012	गुवाहाटी Guwahati	29
9.	दि इंडियन हाई स्कूल, दुबई The Indian High School,Dubai	1 / 16 / 2013	दिल्ली Delhi	38
10.	चिन्मया विद्यालय, कन्नूर, केरल ChinmayaVidyalaya, Kannur, Kerala	2 / 9 / 2013	चेन्नई Chennai	60
11.	ग्रीन लैण्ड सीनियर सेकेण्डरी पब्लिक स्कूल, लुधियाना Green Land Sr. Sec. Pub. School, Ludhiana	17 / 02 / 2013	पंचकुला Panchkula	73
12.	सतलुज पब्लिक स्कूल, पंचकुला Satluj Public School, Panchkula	3 / 3 / 2013	पंचकुला Panchkula	53
13.	सेलाक्वी इंटरनेशनल स्कूल, देहरादून Selaqui International School, Dehradun	3 / 9 / 2013	इलाहाबाद Allahabad	49
			कुल Total	578

सीसीई की सलाहकार समिति

इस कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए बोर्ड द्वारा एक सलाहाकार समिति का गठन किया गया । सीबीएसई ने 2013 में एक प्रशिक्षण कैलेंडर तैयार किया जिसमें अन्य बातों के साथ शिक्षकों के प्रशिक्षण कार्यक्रमों की संख्या में वृद्धि को भी शामिल किया गया। सीसीई प्रचार के लिए बोर्ड द्वारा एक मीडिया एजेंसी को नियुक्त किया गया। इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया द्वारा अब तक 150 कवरेज़ की गई है।

अधिष्ठापन कार्यक्रम

2012–13 के दौरान संबद्ध हुए नए विद्यालयों के 50 प्रधानाचार्यों के लिए चार अधिष्ठापन कार्यक्रम आयोजित किए गए। सीबीएसई प्रणाली के बारे में जानकारी के साथ इन कार्यक्रमों में प्रधानाचार्यों को सीबीएसई द्वारा आरंभ किए गए सुधारों की एक स्पष्ट समझ भी प्राप्त हुई।

प्रधानाचार्यों के लिए अधिकारिता कार्यक्रम

सीबीएसई द्वारा संबद्ध विद्यालयों के प्रधानाचार्यों के लिए विभिन्न आईआईएम, एमडीआई गुड़गांव, आईआईएफटी, एनयूईपीए और ईटीएमए के सहयोग से वर्ष के दौरान नियमित रूप से कार्यनीति नेतृत्व कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

एनयूईपीए के सहयोग से प्राइवेट विद्यालयों के प्रधानाचार्यों के लिए 'शैक्षणिक प्रशासन के नेतृत्व' विषय पर 14वां प्रबंध विकास कार्यक्रम 8–12 अक्तूबर 2012 तक आयोजित किया गया तथा 44 प्रधानाचार्यों ने इसमें प्रशिक्षण प्राप्त किया। 18 चयनित विद्यालयों के प्रधानाचार्यों के लिए ऐसी ही एक 5–दिवसीय कार्यशाला एफडीआरसी, नई दिल्ली में 29 अक्तूबर से 2 नवम्बर 2012 तक आयोजित की गई।

वैकल्पिक व्यावसायिक विषय–क्षेत्र भू–स्थानिक पर शिक्षकों के लिए अभिमुखी कार्यक्रम

सीबीएसई द्वारा अग्रणी भू–स्थानिक सोल्यूशन कंपनी 'रोल्टा इंडिया लिमिटेड' के सहयोग से कक्षा XI-XII के लिए जुलाई 2010 में प्रायोगिक आधार पर भू–स्थानिक प्रौद्योगिकी पर एक नया सक्षमता–आधारित कैरियर–उन्मुखी पाठ्यक्रम आरंभ किया गया।

बोर्ड द्वारा कक्षा XI-XII के लिए पाठ्यचर्या और विषय–वस्तु रोल्टा इंडिया लिमिटेड के सहयोग से

Advisory Committee on CCE

The Board has set up an advisory committee for effective implementation of the program. As per the recommendations, a training calendar for 2013 with increased number of teacher training programs has been finalized. The Board has also appointed a media agency for CCE advocacy. 150 coverages have so far been done in electronic and print media.

Induction Programmes

Four Induction Programmes addressing 50 Principals of newly affiliated schools were conducted during 2012-13. Besides creating awareness about the CBSE system, these programmes also helped the Principals get a clear understanding of the reforms introduced by CBSE.

Empowerment Programmes for Principals

Strategic Leadership Programmes for the Principals of schools affiliated to CBSE were conducted regularly during the year by CBSE in collaboration with various IIMs, MDI Gurgaon, IIFT, NUEPA and ETMA.

14th Management Development Programme on `Leadership in Educational Administration' for Principals of Private Independent Schools was scheduled from 8-12 October 2012 and 44 Principals underwent training with collaboration with NUEPA. A similar 5 day workshop for 18 selected School Principals from 29 October-2 November 2012 was scheduled at FDRC, New Delhi.

Orientation Programmes for teachers on Geospatial an Elective under Vocational stream

A new competency based career oriented course on Geospatial Technology has been introduced by CBSE in collaboration with leading Geospatial Solutions Company "ROLTA India Limited" on pilot basis in July 2010 for classes XI-XII.

The curriculum and the content for classes XI and XII have been developed by the Board in

विकसित की गई ।

इस विषय पर विद्यालयों के लिए तीन सुग्राही कार्यक्रम आयोजित किए गए। बोर्ड ने दो शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किए।

विद्यालयों में नैतिक शिक्षा का एकीकरण

सभी कक्षाओं में प्रमुख विषयों में नैतिक शिक्षा के एकीकरण को लागू करने के उद्देश्य से सीबीएसई ने विद्यालयों के लिए एनसीईआरटी द्वारा तैयार किए गए 'विद्यालयों में नैतिकता के लिए शिक्षा' ढांचे पर आधारित 'नैतिक शिक्षा किट' तैयार की है। 'नैतिक शिक्षा किट' तैयार करने का उद्देश्य नैतिक शिक्षा को प्रत्येक कक्षा में पाठ्यचर्या के साथ एकीकृत करना तथा उपयुक्त आयु–स्तर पर विशिष्ट क्रियाकलापों को उसमें समाहित करना है। यह नैतिक शिक्षा प्रदान करने के लिए एक मॉडल के रूप में कार्य करेगा तथा साथ ही यह इसका प्रयोग करने वाले अथवा इसे अपनाने के इच्छुक विद्यालयों के लिए विविधता भी लाएगा।

नैतिक शिक्षा किट' में

- शिक्षकों के लिए संदर्शिका,
- नर्सरी से लेकर कक्षा XII तक के छात्रों के लिए वैल्यू कार्ड, और
- समसामयिक सामाजिक मुद्दों और चिंताओं को दर्शाने वाले गीतों के संकलन वाली एक सीडी शामिल हैं।

नैतिक शिक्षा में प्रधान प्रशिक्षक

प्रधानाचार्यों को प्रधान प्रशिक्षकों के रूप में नैतिक शिक्षा में प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए एक अभिविन्यास

collaboration of ROLTA India Limited.

Three awareness programmes were conducted to sensitize school regarding the course. The Board also conducted two teacher training programmes.

Integration of Values Education in Schools

In order to promote integration of Value Education across major subjects in all the classes.CBSE has prepared a `Values Education Kit' for schools based on the framework of `Education for Values in Schools' brought out by the NCERT. The premise behind the 'Values Education Kit' is to integrate Values Education with the syllabus in each class and include specific activities at an age appropriate level. It will serve as a model for providing Values Education, while at the same time allowing for variations schools may adopt.

The `Values Education Kit' comprises of:

- A Handbook for Teachers,
- Values Card for students from Nursery to Class XII and
- A CD of compilation of songs highlighting contemporary social issues and concerns.

Master Trainers in Value Education

An orientation workshop to train Principals as Master Trainers in Values Education was held

कार्यशाला 20 दिसम्बर 2012 को आयोजित की गई। पहली विशेषज्ञ प्रशिक्षक कार्यशाला 10 जनवरी 2013 को आयोजित की गई। इसके लिए साढ़े चार घंटे का एक मॉड्यूल तैयार किया गया जिसमें संबंधित विद्यालयों के 15 प्रधानाचार्यों और 5 शिक्षकों को मर्यादक और प्रधान प्रशिक्षक बनने के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इसके पश्चात उन्होंने स्वामी विवेकानंद की 150वीं जयंती समारोह के अंर्तगत समूचे देश के सभी क्षेत्रों से 200 शिक्षकों और 200 छात्रों को प्रशिक्षित किया।

on 20th December 2012 followed by Master Trainer workshop on 10th January 2013. A four and a half hour module was prepared where 15 Principals and 5 teachers from their respective schools were trained to be moderators and Master Trainers. They in turn trained 200, teachers and 200 students across the country from all regions as part of the celebration of the 150th Birth Anniversary of Swami Vivekananda.

विवेकानंद उत्कृष्ट विद्यालय

स्वामी विवेकानंद की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों के भाग के रूप में बोर्ड ने विभिन्न क्रियाकलापों के माध्यम से नैतिक शिक्षा, स्वास्थ्य और शारीरिक स्वस्थता, स्वामी विवेकानंद के जीवन और दर्शन के एकीकरण का प्रचार–प्रसार करने के लिए सक्रिय रूप से योगदान देने के लिए विद्यालयों के शिक्षकों और छात्रों के लिए पुरस्कारों की एक नई श्रेणी आरंभ की गई।

Vivekananda Schools of Excellence

As part of the programs planned to commemorate 150th birth anniversary of Swami Vivekananda, the board initiated a new category of awards for school teachers and students for actively participating in propagation of value education, health and physical fitness, integrating life and philosophy of Swami Vivekananda through various school activities.

नमूना प्रश्न–पत्रों की समाप्ति

बोर्ड ने वर्ष 2012–13 के सारांशात्मक मूल्यांकन–।। से कक्षा IX और X में सभी प्रमुख विषयों में बोर्ड द्वारा प्रकाशित ब्लू–प्रिंटों, नमूना प्रश्न–पत्रों और अंक

Discontinuation of Sample Question Papers

The Board has discontinued the Blue Prints, Sample Question Papers and Marking Schemes in all major subjects in classes IX and

प्रणाली को समाप्त कर दिया है क्योंकि इसके परिणामस्वरूप बोर्ड का बहु–प्रचारित मुक्त दृष्टिकोण, अभिव्यक्ति, शैली और विषय–वस्तु में विविधता बाधित हो रही थी।

X with effect from Summative Assessment-II of 2012-13 published by the Board as it precludes much advocated open ended approach and diversity in expression, style and content.

अंग्रेजी, हिंदी, संस्कृत, गणित, विज्ञान और सामाजिक विज्ञान के लिए इकाईवार वेटेज के साथ परीक्षा की संरचनाएं तथा अनेक नमूने सीबीएसई की वेबसाइट पर उपलब्ध कराए गए और बोर्ड से संबद्ध सभी विद्यालयों में परिचालित कराए गए ।

The structures of examination along with unit wise weightage for English, Hindi, Sanskrit, Mathematics, Science and Social Science together with pools of specimen items were made available on the websites of CBSE and circulated to all the schools affiliated to the board.

प्रमुख विषयों में मूल्य परक सवाल

Values Based Questions in Major Subjects

मूल्य शिक्षा की अवधारणा को और सशक्त बनाने के लिए 3–5 अंकों के मूल्य परक सवाल कक्षाओं IX-XII के सभी विषयों में योगात्मक आकलन स्तर पर पूछे गए जिनका विश्लेषण प्रतिबिंबित मूल्यों के आधार पर किया गया एवं विषय की सूची के साथ एकीकृत किया ।

To further strengthen the concept of Values Education, it was decided to assess students for 3-5 marks in each subject at the Summative Assessment level in classes IX - XII through Values
Based Questions which have been integrated with the content of the subject to be analyzed on the basis of the values they reflect.

आकलन के साक्ष्यों का सत्यापन

Verification of Evidence of Assessments

बोर्ड द्वारा सीसीई के अंतर्गत विद्यालय स्तर पर किए गए मूल्यांकन का नियमित रूप से यादृच्छिक संग्रहण और सत्यापन किया जाता है।

A random collection and verification of the assessment conducted at school level is regularly done by the board under CCE.

मूल्यांकनों का साक्ष्य (ईए)

Evidence of Assessments (EAs)

प्रदान किए गए अंको का सत्यापन क्षेत्रीय स्तर पर बोर्ड द्वारा नियुक्त किए गए और पैनल पर रखे गए विशेषज्ञों द्वारा किया जाता है। इसका उद्देश्य विद्यालय आधारित मूल्यांकन प्रक्रियाओं का मूल्यांकन करना है। विशेषज्ञ प्रदान किए गए अंकों के संबंध में 'मूल्यांकनों के साक्ष्य (ईए)' पर रिपोर्ट प्रस्तुत करते हैं।

The marks awarded are verified by the subject experts/ moderators appointed and empanelled by the Board at the Regional level. The objective is to assess the practices of School Based Assessment. The experts submit report on 'Evidence of Assessments (EAs)' vis-a-vis award of marks.

प्रत्येक क्षेत्रीय कार्यालय के अंतर्गत चुने गए विद्यालय कक्षा IX और X के लिए पांच विषयों : हिंदी, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान और सामाजिक–विज्ञान तथा सह–शिक्षण मूल्यांकन में एफए–I, एफए–II और

The shortlisted schools under each Regional Office send the Evidences of Assessments (EAs)' for FA-1, FA-2 & SA-I, of Classes IX & Xin five subjects: Hindi, English, Mathematics, Science and Social Science and co-scholastic

एसए–। के लिए मूल्यांकन के साक्ष्य (ईए) प्रेशित करते हैं। ईए में तीन श्रेणियों जैसे उपलब्धियों के शीर्ष, मध्यम और निम्न स्तरों से लिए गए पांच छात्रों का प्रदर्शन शामिल होता है।

बोर्ड ने पहली बार विभिन्न शहरों में क्षेत्रीय कार्यालयों के अधिकार क्षेत्रों के अंतर्गत प्रधानाचार्यों को समन्वयकों के रूप में नियुक्त करने की प्रक्रिया को विकेन्द्रीकृत किया गया।

पहली बार, विद्यालयों की एक विकेन्द्रीकृत सूची तैयार की गई जिसमें 25 प्रतिशत से अधिक छात्रों के सभी विषयों में ए1 ग्रेड थे। इन विद्यालयों के लिए सभी विषयों तथा सह–शैक्षणिक क्षेत्रों में साक्ष्य संग्रहित किए गए थे। इनका विश्लेषण अनुभवी प्रशिक्षित स्नातक शिक्षकों (टीजीटी) द्वारा किया गया, जो सीसीए में भी प्रशिक्षित थे और मूल्यांकन के उपकरणों का प्रयोग करने के विशेषज्ञ थे।

कक्षा IX और XI के लिए समस्या समाधान मूल्यांकन

छात्रों के महत्वपूर्ण कौशलों के विकास में समास्या समाधान परीक्षा की प्रासंगिकता को देखते हुए कक्षा IX और XI की परीक्षाओं में बैठने वाले छात्रों के लिए शैक्षणिक वर्ष 2012–13 से समस्या समाधान परीक्षा को अनिवार्य बनाया गया।

कथन और श्रवण कौशलों का मूल्यांकन (एएसएल)

ट्रिनिटी कॉलेज लंदन तथा बोर्ड ने अंग्रेजी में श्रवण और कथन कौशलों पर एक प्रायोगिक विशेषज्ञ प्रशिक्षक पाठ्यक्रम आरंभ किया। इसके लिए दिल्ली, इलाहाबाद और पंचकुला क्षेत्र के सीबीएसई से संबद्ध 120 विद्यालयों की पहचान की गई।

माध्यमिक और वरिष्ठ माध्यमिक स्तरों (कक्षा IX और X) पर अंग्रेजी में सारांशात्मक मूल्यांकनों में कथन और श्रवण कौशलों का औपचारिक परीक्षण शैक्षणिक सत्र 2012–13 से आरंभ किया गया। इसके लिए एसए–। और एसए–।। की कुल वेटेज में से 10 प्रतिशत वेटेज का प्रावधान किया गया है।

assessment. EAs comprise of the performance of five students taken from three categories such as top, middle and bottom levels of achievements.

For the first time, the Board decentralized the processby appointing Principals as Coordinators under the jurisdiction of regional offices in different cities.

For the first time, a centralized list of schools in which more than 25% students had A1 Grade in all subjectswas generated. The evidences in all subjects and co-scholastic areas were collected for these schools. These were analyzed by experienced Trained Graduate Teachers trained inCCE and oriented towards using the tools of assessment.

Problem Solving Assessment for Classes IX and XI

Problem Solving Test has been made compulsory for students appearing for classes IX & XI from the academic year 2012- 2013 onwards due to its relevance in the development of important skills in students.

Assessment of Speaking and Listening Skills (ASL)

The Trinity College London and the Board launched a pilot MasterTrainer's course in Listening and Speaking Skills in English. 120 schools affiliated to CBSE were identified under Delhi, Allahabad and Panchkula Regions.

The formal testing of Speaking and Listening skills in the Summative Assessments in English at Secondary and Senior Secondary levels (Classes IX and XI) was introduced from the academic session 2012-13. 10% weightage has been provisioned in the total weightage of SAI and SA II.

विद्यालयों के लिए कक्षा IX और XI हेतु कथन और श्रवण के संबंध में दिशा–निर्देश और प्रत्येक कक्षा के लिए नमूना प्रश्न–पत्र वेबसाइट पर अपलोड किए गए, जिनमें महत्वपूर्ण जानकारियां जैसे एसए–। के लिए मूल्यांकन और अंक प्रदान करने हेतु मानदण्ड भी शामिल थे। कथन और श्रवण कौशलों का मूल्यांकन विद्यालयों द्वारा स्वयं ही किया गया।

Guidelines and two sample papers each for Speaking and Listening for classes IX and XI were uploaded on the website for schools which also included important information like the criteria for evaluation and marking and SA-I, the Assessment of Speaking and Listening skills to be carried out by schools themselves.

अंग्रेजी उपन्यासों की शुरुआत

कक्षा IX से लेकर कक्षा XII तक के छात्रों में पठन कौशलों का संवर्धन करने के लिए कक्षा IX और XI के लिए 2012–13 से उपन्यास आरंभ किए गए तथा ये 2013–14 में कक्षा X और XII के लिए भी जारी रहेंगे।

विद्यालयों के पास सुझाए गए दो उपन्यासों में से किसी एक उपन्यास को चुनने का विकल्प है। कक्षा IX और X के लिए 10 अंकों का तथा कक्षा XI और XII के लिए 12 अंकों का वेटेज प्रदान किया गया है।

Introduction of English Novels

To enhance Reading Skills among students from Classes IX to XII, Novels have been introduced from 2012-13 for classes IX and XI to be continued in classes X & XII in 2013-14.

The Schools have an option to choose one novel out of the two suggested novels. A weightage of 10 marks has been provided for classes IX and X and 12 marks for classes XI and XII.

कक्षा IX से नए व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की शुरुआत

राष्ट्रीय व्यावसायिक शैक्षणिक अर्हता फ्रेमवर्क (एनवीईक्यूएफ) के अंतर्गत खुदरा, आईटी, सुरक्षा और ऑटोमोबाइल पर व्यावसायिक पाठ्यक्रम एक अतिरिक्त विषय के रूप में 2012–13 सत्र से कक्षा IX से लगभग 25 विद्यालयों में आरंभ किए गए। इन पाठ्यक्रमों को अनिवार्य पत्रों के रूप में लेने का प्रावधान रखा गया है जिनमें शैक्षणिक विषय–वस्तु को कम करके 200 घंटे किया जाएगा।

Introduction of New Vocational courses from class IX onwards

Vocational courses on, Retail, IT, Security and Automobile under National **Vocational Educational Qualification Framework (NVEQF)** have been introduced in approximately 25 schools from class IX onwards from the session 2012-13 as an additional subject. Provision has been kept to take these courses as compulsory papers wherein existing academic content would be reduced by 200 hrs.

केन्द्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (सीआईटी) पश्चिम ऑस्ट्रेलिया द्वारा इन चार विषयों में पाठ्यचर्या और विषय–वस्तु तैयार की गई है तथा इन्हें प्रचालन में लाने के लिए कार्रवाई की जा रही है। इन कार्यक्रमों को प्रायोगिक आधार पर शैक्षणिक सत्र 2013–14 से सीबीएसई से संबद्ध लगभग 40 विद्यालयों में आरंभ

Curriculum and content in these four subjects has been prepared by Central Institute of Technology (CIT)Western Australia and are under the process of customization. These courses will be offered in approximately 40 CBSE affiliated school on pilot basis from the

किया जाएगा। सीआईटी तीन सप्ताह के लिए इन विद्यालयों से 10 प्रधान प्रशिक्षकों को भी प्रशिक्षित करेगा।

पठन सामग्री का विकास

चित्रकला में प्रयोग कक्षाओं के लिए दिशा–निर्देशों की आवश्यकता महसूस की जा रही थी क्योंकि शिक्षकों के लिए पाठ्य–सामग्री उपलब्ध नहीं थी। पाठों के साथ 45 टैम्पलेट सीबीएसई की वेबसाइट पर अपलोड किए गए, ताकि छात्र इन्हें डाउनलोड कर सकें और अपनी तैयारी के लिए इनका उपयोग कर सकें। माध्यमिक और वरिष्ठ माध्यमिक छात्रों के लिए कार्य शिक्षा, आईसीटी, गृह–विज्ञान, कृषि, दृश्य और प्रदर्शन कलाओं में पाठ्य–सामग्री भी तैयार की जा रही है।

चीनी भाषा की शुरुआत

सीबीएसई से संबद्ध विद्यालयों में कक्षा VI में एक वैकल्पिक विदेशी भाषा के रूप में मैंडेरियन के शिक्षण को सहायता प्रदान करने के लिए ज्ञापनपत्र पर भारतीय राजदूत तथा महानिदेशक हैनबेन द्वारा हस्ताक्षर किए गए जो विदेशों में मैंडेरियन का शिक्षण प्रदान करने वाला चीन का अधिकारिक संगठन है।

ज्ञापनपत्र में कार्मिकों, शिक्षकों, प्रशिक्षकों, विशेशज्ञों और छात्रों के आदान–प्रदान की परिकल्पना की गई है। इसमें पाठ्यचर्या के विकास तथा शैक्षणिक सामग्री और सहायक प्रणालियों के विकास का प्रावधान भी है। इस प्रयोजनार्थ चीनी भाषा पर एक संयुक्त कार्यकारी समूह भी गठित किया गया तथा इसकी बैठक जनवरी 2013 में आयोजित की गई ।

प्रकाशन

- नैतिक शिक्षा किटः 'नैतिक शिक्षा – शिक्षकों के लिए संदर्शिका', नर्सरी से लेकर बारहवीं कक्षा के छात्रों के लिए वैल्यू काड्र्स तथा शांति, सौहार्द और प्रकृति के प्रति सम्मान पर गीतों वाली एक सीडी तैयार की गयी।

academic session 2013-2014. CIT will also train 10 Master Trainers from the schools for three weeks.

Reading Material Development

The requirement of guidelines for Practical classes in Painting was felt as there was no textual material available for the students and the teachers. 45 templates along with the text were uploaded on CBSE website so that students can download them and can use them for preparation. The textual material in Work Education, ICT, Home Science, Agriculture, Visual and Performing Arts for Secondary and Senior Secondary are also being developed.

Introduction of Chinese language

A Memorandum of Understanding to support the teaching of Mandarin as an optional foreign language in class VI in the schools affiliated to CBSE was signed by Indian Ambassador and Director General of Hanban, the official Chinese organization that oversees teaching of Mandarin abroad.

The MoU envisages the exchanges of academic staff, teachers, trainees, experts and students. It also provides for development of curricula and exchange of educational material and support systems.A Joint Working Group on Chinese has been constituted for this purpose and met in January 2013.

Publications

- **Values Education Kit** consisting of `A Handbook for Teachers', Values Cards for students from class Nursery - XII and a CD with songs on peace, harmony and respect for nature was prepared.

- कक्षा VI, VII और VIII के लिए जीवन कौशलों पर शिक्षक संदर्शिका का विमोचन माननीय मानव संसाधन विकास मंत्री द्वारा 19 अप्रैल 2012 को किया गया।

- कक्षा XII के लिए जैव–प्रौद्योगिकीप्रैक्टिकल मैनुअल को तैयार किया गया इस मैनुअल को नवीनतम पाठ्यचर्या के अनुसार तैयार किया गया तथा वितरण के लिए उपलब्ध कराया गया।

- 'विद्यालय–आधारित मूल्यांकन के परामर्श के लिए उपकरणों का संशोधित सार–संग्रह इस शैक्षणिक सत्र में संशोधित किया गया। यह प्रशिक्षण और क्रियान्वयन के परामर्श तथा अनुश्रवण एक निःशुल्क प्रकाशन है।

- Teachers' Manuals on Life Skills for classes VI, VII and VIII was launched on 19th April 2012 by the Honorable Union Minister of HRD.

- **Bio Technology Practical Manual for class XII** was prepared as per latest syllabus and is already available at CBSE stores.

- **Revised Compendium of Tools for Mentoring of School Based Evaluation** an un-priced publication required for Mentoring and Monitoring training and implementation was prepared during this period.

सीबीएसई इंटरनेशनल

वर्ष 2010 में शुरू की गई सीबीएसई इंटरनेशनल पाठ्यचर्या कक्षा I, II, VI, IX और X के लिए मध्य एशिया और दक्षिण एशिया के 24 विद्यालयों में आरंभ की गई। सत्र 2012–13 से इसका विस्तार कक्षा III, VII और XI तक कर दिया गया।

पाठ्यचर्या दस्तावेज में संशोधन किया गया तथा इसे 2012–13 सत्र के लिए अपलोड किया गया।

शिक्षकों के लिए क्षमता निर्माण कार्यशालाएं आबूधाबी और सिंगापुर में आयोजित की गईं। बोर्ड ने विद्यालयों को उत्कृष्टता के केन्द्रों के रूप में स्थापित किया है। गुणवत्ता को प्रोत्साहित करने के लिए सीबीएसई.प पोर्टल पर शिक्षकों, अभिभावकों और छात्रों से संपर्क स्थापित करने के लिए समन्वयकों को नियुक्त किया गया है।

शिक्षक संदर्शिका को तैयार करने के साथ ही सभी विद्यालयों के साथ साप्ताहिक ऑडियो कांफ्रेंसों का आयोजन किया गया। भौतिकी, रसायन–विज्ञान, गणित I और II, अंग्रेजी, भूगोल, अर्थशास्त्र, लेखाशास्त्र,

CBSE International

Introduced in the year 2010, CBSE international curriculum was introduced in 24 schools in Middle East and South Asia in classes I, II, VI,IX and X. For the session 2012-13, this was extended for classes III, VII and XI.

The curriculum document was revised and uploaded for the session 2012-13.

Capacity building workshops for teachers were conducted in Abu Dhabi and Singapore. The Board has set up schools as hub of excellence. In order to promotequality, coordinators have been appointed to interact with teachers, parents and students on CBSE-I portal.

While a teacher's manual is being prepared, weekly audio conferences were held with all the schools. CBSE-I Hindi curriculum has also been developed along with physics, chemistry, mathematics I and II, English, Geography,

व्यापार अध्ययन, और जीव–विज्ञान के साथ–साथ सीबीएसई–आई हिंदी पाठ्यचर्या भी तैयार की गई।

निष्पादन मूल्यांकन परीक्षण (पीएटी)

सीबीएसई-i निष्पादन मूल्यांकन परीक्षण भी प्रत्येक वर्ष अप्रैल माह में ऑनलाइन संचालित किया जा रहा है। इसके अलावा, सीबीएसई.प के लिए वीडियो कांफ्रेंसिंग भी आरंभ हो गई।

सीबीएसई-i पाठ्यचर्या भारतीय विद्यालयों में भी

भारत के लगभग 200 विद्यालयों ने पाठ्यचर्या.प के लिए आवेदन किया है। गहन संवीक्षा और निरीक्षण के पश्चात अप्रैल 2013 से पाठ्यचर्या.प क्रियान्वित करने के लिए विद्यालयों का चयन किया है।

Economics, Accountancy, Business Studies and Biology.

Performance Assessment Test (PAT)

CBSE-i Performance Assessment Test is also being conducted online in the month of April every year. In addition, Video conferencing for CBSE-I has also begun.

CBSE-i curriculum extended to Indian Schools

Around 200 schools in India have applied for curriculum-i. After thorough scrutiny and inspection, schools have been shortlisted for implementing curriculum-I from April 2013.

संवर्धन क्रियाकलाप
Enrichment Activities

सहोदय विद्यालय परिसरों का 19वां वार्षिक सम्मेलन

'देखरेख और आदान–प्रदान' की भावना से ओत–प्रोत सहोदय विद्यालय परिसर आस–पड़ोस के विद्यालयों से मिलकर बने समूह है जो पाठ्यचर्या विकास, मूल्यांकन, विद्यालयी शिक्षा के विभिन्न पहलुओं में श्रेष्ठ प्रक्रियाओं और अभिनव कार्यशैली का आदान–प्रदान करने तथा नियमित रूप से संचालित क्षमता निर्माण द्वारा शिक्षकों को सहायता प्रदान करने के लिए स्वेच्छा से एक–दूसरे के साथ जुड़े हैं।

वर्तमान में, समूचे देश में 4500 से भी अधिक विद्यालयों के नेटवर्क के साथ लगभग 250 सहोदय विद्यालय समूह सक्रिय हैं । सहोदय सदस्यों को एक मंच पर साथ लाने के उद्देश्य से बोर्ड प्रत्येक वर्ष नवीनतम शैक्षणिक प्रासंगिक विषयों पर राष्ट्रीय सहोदय विद्यालय परिसरों के राष्ट्रीय वार्षिक सम्मेलन का आयोजन करता है।

वर्ष 2012 के लिए राष्ट्रीय सहोदय विद्यालय परिसरों का राष्ट्रीय वार्षिक सम्मेलन 'शिक्षण और अधिगम के लिए नई शिक्षा–नीतियां और समर्थकारी प्रौद्योगिकियां' विषय पर 22–24 दिसम्बर 2012 तक इंदौर में आयोजित किया गया । इस सम्मेलन में लगभग 470 प्रतिभागियों ने भाग लिया तथा निम्नलिखित विषयों पर चर्चा की :

- शिक्षकों की प्रभावकारिता
- शिक्षा की गुणवत्ता और आर्थिक विकास

19th Annual National Conference of Sahodaya School Complexes

Imbued with the spirit of 'caring & sharing' , the Sahodaya School Complex is a group of neighbourhood schools which voluntarily come together to share best practices and innovative strategies in various aspects of school education including curriculum design, evaluation, pedagogy and providing support to teachers by regular capacity building exercises.

Currently there are about 250 active Sahodaya School Clusters across the country with a network of over 4500 schools. In order to bring Sahodaya members on a common platform the Board conducts National Annual Conference of Sahodaya School Complexes every year on themes of current educational relevance.

The National Annual Conference of Sahodaya School Complexes for the year 2012 was conducted at Indore from 22-24 December 2012 on "New pedagogies and enabling technologies for teaching and learning".Nearly 470 delegates participated in this conference and discussed-

- Teacher effectiveness
- Education quality and economic growth

:

- इक्कीसवीं शताब्दी की शिक्षा
- शिक्षा 3.0
- रूपांतरणकारी शिक्षा–नीतियां
- शिक्षण के लिए प्रौद्योगिकी का उन्नयन
- Twenty first century learning
- Education 3.0
- Transformational pedagogies
- Leveraging technology for learning

आकलन, मूल्यांकन और अनुसंधान केन्द्र (सीएईआर)

सीबीएसई और विश्व के अग्रणी शिक्षा सेवा उद्यम पीयरसन फाउंडेशन, जो पीयरसन की लोकोपकारी शाखा है, ने 9 अगस्त 2012 को भागीदारी की घोषणा की जिसके तहत भारत में विद्यालय शिक्षा का पुनर्गठन करने में सहायता प्रदान करने के लिए आकलन, मूल्यांकन और अनुसंधान केन्द्र (सीएईआर) की स्थापना की गई।

Center for Assessment, Evaluation and Research (CAER)

CBSE and Pearson Foundation, the philanthropic arm of Pearson, the world's largest education services enterprise formed a partnership designed to help reshape school education in India by setting up the Center for Assessment, Evaluation and Research (CAER) on 09th August 2012.

सीएईआर उत्कृष्टता का अलाभकारी केन्द्र है जिसे दोनों संगठनों द्वारा शिक्षा में सुधार लाने के प्रति योगदान देने के लिए संयुक्त रूप से संचालित किया जाएगा। राष्ट्रीय पाठ्यचर्या फ्रेमवर्क 2005 तथा सतत एवं व्यापक मूल्यांकन (सीसीई) के दिशा–निर्देश केन्द्र द्वारा संचालित किए जाने वाले अनुसंधान कार्य का आधार होंगे ।

अंतर्राष्ट्रीय जीवन कौशल, विद्यालय स्वास्थ्य और कुशलता शिखर–सम्मेलन

सीबीएसई द्वारा 19–21 अप्रैल 2012 के दौरान नईदिल्ली में पहले अंतर्राष्ट्रीय जीवन कौशल, विद्यालय स्वास्थ्य और कुशलता शिखर–सम्मेलन का आयोजन किया गया। वैश्विक स्वास्थ्य प्रदर्शनी, सांस्कृति कार्यक्रम, युवा स्वास्थ्य संसद तथा शिक्षक अधिकारिता कार्यक्रम इस शिखर–सम्मेलन की मुख्य विशेषताएं थीं ।

इस शिखर–सम्मेलन में 200 विद्यालयों के 1400 छात्रों तथा 400 शिक्षकों, विशेषज्ञों और परामर्शदाताओं ने भाग लिया।

सीबीएसई विज्ञान प्रदर्शनी

सीबीएसई विज्ञान प्रदर्शनी–2012 **विज्ञान, समाज और पर्यावरण** विषय पर क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तरों पर आयोजित की गई। क्षेत्रीय स्तर की विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन 12 विभिन्न स्थानों पर अगस्त/सितम्बर 2012 माह के दौरान किया गया जिसमें रिकार्ड 1180 छात्रों ने भाग लिया।

The CAER is a not for profit centre of excellence jointly run by the two organizations uniquely positioned to contribute to the reform of learning. TheNational Curriculum Framework 2005 and the Continuous Comprehensive Evaluation (CCE) guidelines shall be the foundation for the research to be undertaken by the Centre.

International Life Skills, School Health and Wellbeing Summit

CBSE held the first International Life Skills, School Health and Wellbeing Summit, between 19- 21 April 2012 in New Delhi. The highlights of the Summit were Global Health Exhibition, Cultural Programmes, Youth Health Parliament and Teacher Empowerment Programmes.

The summit witnessed the participation of 200 schools with 1,400 students and 400 teachers, experts and counselors

CBSE Science Exhibition

The CBSE Science Exhibition-2012 was organized at Regional and National Levels on the theme of **Science, Society and Environment**. The Regional Level Science Exhibition was organized in the month of August/September 2012 at 12 different venues with a record participation of **1180** students.

सीबीएसई राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी का उद्घाटन **माननीय केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री डा0 एम.एम. पल्लम राजू** और **मानव संसाधन विकास राज्य मंत्री श्री जितिन प्रसाद द्वारा किया गया।** इस प्रदर्शनी में 166 विद्यालयों ने भाग लिया तथा राष्ट्रीय स्तर पर 24 प्रदेशों का चयन किया गया। प्रत्येक विजेता टीम को एक मेरिट प्रमाण–पत्र और 3000 रु0 का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया।

The CBSE National Science exhibition was inaugurated by **Honourable Union Minister of MHRD Dr. M.M PallamRaju and Honourable Minister of State, MHRD Sh.JitinPrasada.**166 schools participated in this event and a total of **24 exhibits** were selected at **National level.** Each winning team was given a merit certificate as well as a cash prize of `3000.

विरासत पोर्टल

विरासत पोर्टल (heritage.cbseacademic.in), जो सीबीएसई की वेबसाइट पर एक माइक्रोसाइट है, का उद्घाटन 29 अक्तूबर 2012 को श्रीमती अंशु वैश्य, पूर्व सचिव, विद्यालय शिक्षा और साक्षरता, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा किया गया। इस पहल के मुख्य उद्देश्य हैं:–

- एक गतिशील विषय का सृजन करना जो सामाजिक और प्राकृतिक विज्ञान के बीच एक संपर्क कार्यक्रम के रूप में उभर सके।
- सक्रिय शिक्षण और क्रियाकलापों के माध्यम से शिक्षकों और युवा बालकों के लिए एक परिपुष्ट ऑनलाइन सांस्कृतिक संसाधन उपलब्ध कराना।

The Heritage Portal

Heritage Portal (heritage.cbseacademic.in), a microsite on the CBSE website was launched on 29th October 2012. The main objectives behind this move are:-

- To create a multi-dimensional networkwhich can emerge as **a** link program between social and natural sciences.
- To provide a rich online cultural resource for teachers and young children through active learning and doing.

वर्तमान में, इस पोर्टल के चार परिक्षेत्र हैं – **निर्मित विरासत, प्राकृतिक विरासत, प्रदर्शन कलाएं तथा कला और शिल्प।**

इसकी विषय–वस्तु का अनुसंधान और विकास साहापीडिया (भारतीय संस्कृति और विरासत पर ऑनलाइन विश्वकोश) तथा डा0 नवीन जाफा विरासत परामर्शक और संयोजक, पाठ्यक्रम समिति, विरासत शिक्षा, सीबीएसई) के माध्यम से किया गया है। विरासत संबंधी विषयों पर विद्यालयी छात्रों से प्राप्त फिल्मों, फोटोग्राफों, चित्रों, संक्षिप्त लेखों को अपलोड किया गया है। इसे और अधिक आकर्शक तथा छात्रों के लिए अनुक्रियाशील बनाने के लिए प्रश्नोत्तरियां, खेल और वर्कशीटें तैयार की जा रही हैं तथा अपलोड की जा रही हैं।

The Portal as of now consists of four domains- **Built Heritage, Natural Heritage, Performing Arts and Arts and Crafts.**

The content has been researched and developed along with Sahapedia (An Online Encyclopedia on Indian Culture and Heritage) and Dr.NavinaJafa (Heritage Consultant and Convener, Course Committee, Heritage Education, CBSE). The portal contains films, photographs, paintings, write ups from school children on heritage related topics along with quizzes, games and worksheets to make it more attractive and interactive for the students.

भारत की ज्ञान परंपराएं और प्रथाएं

बोर्ड ने 16 विद्यालयों में प्रायोगिक आधार पर कक्षा XI में एक नए वैकल्पिक विषय के रूप में 'भारत की ज्ञान परंपराएं और प्रथाएं' को आरंभ किया है। इसमें 10 मॉड्यूल्स हैं जिनमें 12 इकाइयां हैं। सभी मॉड्यूलों को सीबीएसई शैक्षणिक वेबसाइट पर अपलोड किया गया है।

Knowledge Traditions and Practices of India

The Board has introduced "Knowledge Tradition and Practices of India" a new elective subject in class XI as a pilot in 16 schools. There are 10 modules consisting of 12 units. All the modules were uploaded on CBSE Academic website

ग्रीन ओलम्पियाड

सीबीएसई और टेरी (टीईआरआई) ने 'मैं और मेरा पर्यावरण' विषय पर 25 अगस्त और 29 सितम्बर को ग्रीन ओलम्पियाड और टेरी क्विज का आयोजन किया। यह क्विज कार्यक्रम कक्षा VIII से X तक के छात्रों के लिए था। शीर्ष 32 विद्यालयों, प्रत्येक अंचल से सात तथा अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से चार, को इस अंतर्राष्ट्रीय क्विज में भाग लेने के लिए चुना गया था। इसके लिए प्रश्नों को दैनिक जीवन से संबंधित स्थानीय और अंतर्राष्ट्रीय विषयों, से चुना गया था तथा आकर्षक दृश्य–श्रव्य माध्यमों ने इस क्विज को एक अनूठा आकर्षण प्रदान किया क्योंकि इसमें ज्ञान और प्रतिस्पर्धा का नैसर्गिक अवयव शामिल था।

Green Olympiad

CBSE and TERI conducted the Green Olympiad and TERRI Quiz on 25 August and 29 September 2012 on the theme **'Me and My Environment'**. The quiz was open to students of classes VIII-X. The top 32 schools, seven from each zone and four from the international group - were selected to take part in this national environment quiz. The questions were drawn from topics of daily concern, both local and global; attractive audiovisuals imparted a unique flavor to this quiz as it contained an inherent element of knowledge and competition.

समूह गणित ओलम्पियाड

सीबीएसई होमीभाभा विज्ञान शिक्षा केन्द्र के सहयोग से समूह गणित ओलम्पियाड का आयोजन करता है। इसका आयोजन भारत के विभिन्न भागों तथा विदेश में स्थित 28 केन्द्रों में 2 दिसम्बर 2012 को किया गया जिसमें लगभग 4000 छात्रों ने भाग लिया।

सीबीएसई समूह के शीर्ष छात्रों ने नेशनल बोर्ड ऑफ हायर मैथेमेटिक्स (एनबीएचएम) द्वारा 3 फरवरी 2013

Group Mathematics Olympiad

CBSE Group Mathematical Olympiad was conducted in association with Homi Bhabha Centre for Science Education on 2nd December 2012 at 28 centers located in different parts of India and abroad in which around 4000 students participated.

The top students from CBSE group participated in Indian National Mathematical Olympiad (INMO) conducted by National Board of

को आयोजित भारतीय राष्ट्रीय गणित ओलम्पियाड (आईएनएमओ) में भाग लिया।

जोनल इंफार्मेटिक्स ओलम्पियाड (जैडआईओ) और आईएनओआई 2013

छात्रों में कम्प्यूटरों के प्रभावी प्रयोग को प्रोत्साहित करने के लिए सीबीएसई इंडियन एसोसिएशन फॉर रिसर्च इन कम्प्यूटिंग साइंस (आईएआरसीएस) के सहयोग से प्रत्येक वर्ष जैडआईओ (प्रथम चक्र) और एनआईओ (द्वितीय चक्र) का आयोजन करता है ।

इस वर्ष प्रथम चक्र अर्थात जैडआईओ का आयोजन नवम्बर 2012 में किया गया। भारत तथा समूचे विश्व से सीबीएसई से संबद्ध विद्यालयों के 6589 छात्रों ने प्रथम चक्र में भाग लिया। जैडआईओ 3 घंटे की लिखित परीक्षा है तथा इसका आयोजन भारत और विदेशों में 40 विभिन्न स्थानों पर किया जाता है ।

एनआईओ (नेशनल इंफार्मेटिक्स ओलम्पियाड) एक ऑनलाइन परीक्षा है। प्रथम चक्र के सभी अर्हक छात्र ऑनलाइन परीक्षा अर्थात एनआईओ (द्वितीय चक्र) में भाग लेने के पात्र हैं। जिन 314 छात्रों ने इस वर्ष जैडआईओ के लिए अर्हता हासिल की, वे जनवरी 2013 में एनआईओ में बैठे ।

छात्रों और युवक कार्यक्रमों के आदान–प्रदान के लिए जापान–पूर्व एशिया नेटवर्क (जेईएनईएसवाईएस)

छात्रों और युवक कार्यक्रमों के आदान–प्रदान के लिए जापान–पूर्व एशिया नेटवर्क (जेईएनईएसवाईएस) के भाग के रूप में इन कार्यक्रमों की शुरुआत वर्ष 2007 में हुई थी। प्रत्येक वर्ष समूचे भारत में सीबीएसई से संबद्ध विद्यालयों में छात्रों और शिक्षकों का एक समूह जापान की यात्रा करता है।

इस कार्यक्रम में 'पूर्वी एशियाई युवाओं को जापान में आमंत्रित करना' तथा 'अन्य ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से

HigherMathematics (NBHM) on 3rdFebruary 2013.

Zonal Informatics Olympiad (ZIO) and INOI 2013

